तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 28 अगस्त 2025



13 मोहारा गायत्री प्रज्ञा पीठ में 40 दिवसीय सामूहिक अनुष्ठान का हुआ समापन



14 श्री गणेश जी की प्रतिमाएं पंडालों में आकर्षक ...






## खबर संक्षेप

### पार्षद के साले पर हमला करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** पार्षद के साले पर प्राण घातक हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। मोहन नगर पुलिस ने बताया जागृति चौक में सोमवार देर शाम पार्षद अजीत वैद्य के साले आशीष गेडाम पर एक युवक ने हमला कर दिया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी प्रांजल देवांगन को रायपुर से गिरफ्तार कर लिया। आशीष का उपचार अस्पताल में जारी है। घायल को चाकू से आरोपी ने ताबडतोड़ वार किया था।

### महिला गांजा तस्कर को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** गांजा तस्करी मामले में धमधा पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। महिला के पास से पुलिस ने 3.2 किलो ग्राम गांजा 9 हजार रुपए का जब्त किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सुचना पर ग्राम देवरी धमधा निवासी सुकरीता बाई अपने घर में गांजा को रखकर बेचने की फिराक में थी। दबिश देने पर सुकरीता बाई के घर से गांजा जब्त किया गया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि तस्करी करने वाले कार को ग्राम सिरनाभाठा नर्सरी के पास सफेद रंग का कार सीजी 07 सीजेड 8111 को घेराबंदी कर पकड़ा गया। कार की तलाशी लेने पर 1 किलो 160 ग्राम गांजा अलग से जब्त किया। जिसकी कीमत 5 हजार रुपए है। सुकरीता बाई को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया।

### म्यूल खाते में रकम आया महिला के खिलाफ कार्रवाई

**भिलाई।** म्यूल खाते में अवैध ऑनलाइन ठगी के रकम ट्रांसफर होने के मामले में पुलिस ने एक महिला के खिलाफ कार्रवाई किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि गृह मंत्रालय द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल के माध्यम से जानकारी मिलने पर म्यूल एकाउंट के नंबर के बारे में जानकारी मिली। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा कुम्हारी खाता धारक वार्ड 18 डीएमसी तालाब के पास रहने वाली निशा बेहरा के द्वारा अपने नाम का व्यकिगत पहचान दस्तावेज, आधार कार्ड, पेन कार्ड आदि देकर खाता खुलवाया। अपने खाते में ऑन लाईन ठगी की रकम 4 लाख 50 हजार रुपए आया। निशा बेहरा द्वारा ठगी की रकम मिलने पर कार्रवाई की गई।

### अवैध रूप से लाइटिंग ट्रस्ट सेटअप संचालक पर कार्रवाई

**भिलाई।** गणेशोत्सव समिति दुर्ग के द्वारा जेल तिराहा से सुराना कॉलेज चौक तक रैली निकाली गई। इस दौरान एल्युमिनियम राडो से लाईट ट्रस्ट सेट लगाकर गणेश प्रतिमा का स्वागत मंच बनाया गया था। जिससे आने जाने वाले आम लोगो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रोड में आम जगह पर लाईट ट्रस्ट सेट लगने से आने जाने में बाधा उत्पन्न हो रही थी।

# दो बच्चों में सिमटकर रह गया किलेपार का आंगनबाड़ी केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुण्डरदेही

ग्राम पंचायत किलेपार में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र दो बच्चों में सिमटकर रह गया है। जबकि उक्त आंगनबाड़ी केंद्र में दर्ज संख्या दस है। दस बच्चे होने के बावजूद भी दो बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र पहुंच रहे हैं। नन्हें बच्चों के पहली शिक्षा का किलेपार के आंगनबाड़ी केंद्र में यह बुरा हाल है।

वहीं आंगनबाड़ी केंद्र के शौचालय में लगे लोहे का दरवाजा भी टूटा हुआ हैं, कभी भी नन्हें बच्चे दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। जिस पर कार्यकर्ता ध्यान नहीं दे रहे है। दो बच्चों को सहायिका खाना खिलाकर भेज देती है, वहीं दूसरी ओर आंगनबाड़ी केंद्र का खुलने व बंद होने का समय निर्धारित नहीं हैं। दो बच्चों का यह आंगनबाड़ी केंद्र में विभाग के जिम्मेदार अधिकारी व सुपरवाइजर को ध्यान नहीं हैं। केंद्र के सहायिका नर्मदा सोनी ने बताया कि दो बच्चे आ रहे हैं जिनको खाना खिलाकर भेज देते हैं।

यही हाल गुण्डरदेही ब्लाक के अधिकतर आंगनबांडी केंद्र में देखने को मिल रहा हैं। महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी व सुपरवाइजर की उदासीनता के चलते ब्लाक के अधिकतर आंगनबाड़ी केंद्र का यही बुरा हाल है। कहीं बच्चे कम आ रहे तो कहीं कार्यकर्ता नदारत रहते हैं।

### आंबा केंद्र भी हुआ जर्जर, शौचालय का दरवाजा टूटा, घट सकती है घटना









### जिला पुलिस ने आत्मानंद हायर सेकंडरी स्कूल में चलाया जागरूकता अभियान

# साइबर अपराधियों से बचें छात्र-छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिला पुलिस साइबर जनजागरूकता कार्यक्रम चला रही है, जिसके तहत स्कूलों में जाकर छात्र छात्राओं को साइबर फ्रॉड के विभिन्न तरीकों से जागरूक किया जा रहा है। आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाटाबोड़ में एसडीओपी बालोद द्वारा साइबर जागरूकता अभियान के दौरान स्कूल के शिक्षकों और छात्र छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव हेतु ठगी के तरीकों जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शॉपिंग न करने, शॉपिंग के लिए वैध ई कॉमर्स साइट का सावधानी पूर्वक उपयोग करने, व्हाट्सअप, इंस्टाग्राम आदि सोशल मीडिया प्लेटफार्म में प्राप्त किसी भी ट्रेडिंग ऐप या लिंक को नहीं खोलने, किसी भी प्रकार के खबरों की सत्यता को जांचे बिना सोशल मीडिया पर शेयर नहीं करने की जानकारी दी गई। शिक्षकगण एवं छात्रों को साइबर अपराधों से बचाव हेतु विद्यार्थियों को बताया गया कि मोबाइल का लत एवं गलत उपयोग कैसे विद्यार्थी जीवन को प्रभावित करता है, सोशल मीडिया अपराध, ऑनलाइन गेमिंग, अनजान लिंक और ओटीपी शेयरिंग से जुड़े साइबर फ्रॉड के खतरों के बारे में बताया गया। मोबाइल का उपयोग पढ़ाई एवं कौशल विकास हेतु नियंत्रित समय सीमा में करने सुरक्षित इंटरनेट का उपयोग, मजबूत पासवर्ड और व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता बनाए रखने के टिप्स दिए गए। छात्रें को यह भी जानकारी दी गई कि साइबर अपराध होने की स्थिति में वे 1930 पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

थाना प्रभारी बालोद शिशुपाल सिन्हा द्वारा नशामुक्ति अभियान के तहत नशा मुक्त भारत की ओर नशामुक्ति विषय पर की विस्तृत जानकारी साझा की गई। जिसमें छात्रें को यह समझाया गया कि नशा किस प्रकार व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है। पारिवारिक जीवन में कलेश उत्पन्न करता है, अपराध एवं सड़क दुर्घटनाओं का कारण बनता है, विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, बेहतर जीवनशैली अपनाने एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया।

इस दौरान स्कूली बच्चों एवं टीचर्स को यातायात के नियमों से अवगत कराकर कम उम्र के बच्चों को वाहन न चलाने, सिग्नल रूल्स फॉलो करने, प्रॉपर सीटबेल्ट एवं हेलमेट लगाने व अन्य ट्रैफिक रूल्स बताया जाकर जागरूक किया गया।





**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाटाबोड़ के प्राचार्य सीएल सिन्हा, समस्त शिक्षकगण एसडीओपी बालोद देवांश सिंह राठौर, थाना प्रभारी बालोद शिशुपाल सिन्हा, साइबर सेल से गुलज़ारी साहू, रविकांत गंधर्व, बालोद थाना से मोहन कोकिला, मनोज चंद्र एवं सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थीं।

# असामाजिक तत्वों ने रसोई में लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लाटाबोड़

बीते दिनों जगन्नाथपुर की एक महिला मीना साहू के रसोई घर में अज्ञात आसामाजिक तत्वों द्वारा आगजनी की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया गया। गनीमत रहा कि गैस सिलेंडर नहीं फटा, वरना बड़ी घटना हो सकती थी। मीना साहू ने घटना की जानकारी सरपंच देवकुंवर को दी। मीना साहू पति स्व. इंद्र कुमार साहू ने बताया कि सुबह जब उठी तो उन्हें घटना की जानकारी हुई।

- सरपंच और उपसरपंच ने किया मौके का निरीक्षण

दरअसल में रसोईघर के दीवार पर एक खिड़की है, जहां पर कपड़ा का पर्दा लगा हुआ था। जिसमें अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगा दी गई थी। कपड़ा बुरी तरह से जल गया था, उसी के नीचे गैस सिलेंडर रखा हुआ था। आग बुझ गई थी नहीं तो गैस सिलेंडर फटता तो बगल के कमरे में मैं सो रही थी, बड़ा हादसा हो सकता था। उन्होंने आशंका जताई है कि इस घटना में कुछ युवकों का हाथ सकता है जिनके द्वारा पूर्व में भी उनके घर में अनाधीकृत रूप से प्रवेश करने का प्रयास किया गया था। हालांकि अभी इसकी कोई पुष्टि नहीं हुई है। उन्होंने घटना की जानकारी सरपंच सहित जिम्मेदार लोगों को दी है। लगातार हो रही इस तरह की घटना से गांव की अन्य महिलाओं में भी दहशत का माहौल है। सरपंच देव कुंवर कोशिमा ने बताया कि मीना साहू के घर आग लगाए जाने की घटना की




▸▸| शेष पेज 13 पर


# रास्ता जाम करने पर विवाद तीन के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

गोंदाम के पास गाड़ी रखकर सामान खाली करवा रहे व्यापारी के साथ तीन लोगों ने रास्ते मे गाड़ी रख रास्ता जाम करने का आरोप लगाते हुए गाली गलौज देने की घटना सामने आई है, जिसमे तीन लोगो के खिलाफ पीड़ित व्यापारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसके बाद पुलिस ने 126(2), 296 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वार्ड क्र0 4 जैन मंदिर के सामने निवासी दीपक कुमार जैन ने पुलिस को बताया कि वह साडी कपडा व फर्निचर का व्यवसाय करता है, सामान की अधिकता होने के कारण वार्ड क्र0 13 रंग मंच के पास स्वयं का गोदाम है, जहां मैं फर्निचर से संबंधित सामानो को रखवाता हूं, सुबह मेरे टाटा 407 में चालक दीपक यादव गोदाम से सामान वाहन में लोड करवा रहे थे कि इसी दौरान चालक दीपक यादव मुझे फोन कर बताये कि मोहल्ले के राजू साहू, सुभाष साहू एवं अन्य कुछ लडको के द्वारा गाडी को रोड़ में खडी कर दिये हो कहकर गाली गलौज कर रहे थे। तब मैं तत्काल वार्ड क्र. 13 अपने गोदाम के पास पहुंच कर देखा तो वहां उपस्थित राजू साहू, सुभाष साहू एवं एक अन्य व्यक्ति तीनो मुझे गाडी को मेन रोड में खडी करवा दिये हो कहकर जिसे हम लोगो को चलने में कठिनाई हो रहा है कह रहा था तब मै उन लोगो को समझाने का प्रयास किया तो वे काफी आक्रोश में आकर चिल्लाने लगा और वे तीनो मिलकर गाडी को हटाने नही दे रहा था तथा मुझे भी वहां से जाने नही दे रहा था और चालक से गाडी का चाबी रख लिये थे फिर भी मैं उन लोगो को समझाने का काफी प्रयास किया तो वे तीनो मुझे गाली गलौंज करने लगा तब मैं वहां से जाने लगा तो वे तीनो रास्ता रोककर जान से मारने की धमकी दे रहा था तब मैं किसी तरह वहां से निकला हूं।

## घर और पंडालों में पधारे गजानंद जी...







**बालोद।** विघ्नहर्ता, सुखकर्ता, बुद्धि के देवता भगवान गणेश आज घरों के साथ पंडालों में विराजे। इस दौरान बच्चे अपने पालकों के साथ बाइक, कार व अन्य माध्यमों से अपने घर भगवान गणेश की मूर्ति ले जाते दिखे। जहां पूरे विधि विधान से बच्चों ने अपने घरों में भगवान गणेश को विराजमान किया।

# बाइक की ठोकर से बुजुर्ग की मौत, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

आटा पिसाई कराकर वापस अपने घर जा रहे बुजुर्ग को बाईक ने ठोकर मार दी, जिसके बाद बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां घायल बुजुर्ग को पास के अस्पताल पहुंचाया गया जहां ईलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। जिसके बाद मोटरसायकल चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जिसमे पुलिस ने मोटर सायकल चालक के खिलाफ 184 एलकेएस, 106, 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। वार्ड नं0 07 खप्परवाड़ा थाना गुण्डरदेही निवासी दिनेश कुमार चंद्राकर ने पुलिस को बताया कि 26 अगस्त को लगभग 12 बजे ग्राम खप्परवाड़ा निवासी रद्धुराम चंद्राकर पिता जगतराम चंद्राकर 70 वर्ष जो आटा चक्की दुकान से आटा पिसाई करवाकर पैंदल अपने घर जा रहे थे, जो बस स्टैंण्ड के पास पहुंचे थे उसी समय मोटर सायकल क्रं. सीजी 07 सीएन 7083 के चालक ने खतरनाक तरीके से अपनी मो.सा. को काफी तेज रफ्तार एवं लापरवाही पुर्वक चलाकर रद्धुराम चंद्राकर को एक्सीडेंट कर दिये जिससे रद्धुराम चंद्राकर के दाहिने पैर, सिर एवं शरीर में अन्य जगहों पर चोंट लगने से ईलाज हेतु रद्धुराम चंद्राकर के पुत्र धनेश चंद्राकर, रमेश चंद्राकर के साथ मैं भी शासकीय अस्पताल दुर्ग ले जाकर भर्ती किये, जहां से प्राथमिक उपचार पश्चात रिफर करने पर एम्स रायपुर ले गये जहां डाक्टर द्वारा चेक करने पर रद्धुराम चंद्राकर की मृत्यु होना बताये।

- घायल बुगुर्ज ने अस्पताल में इलाज के दौरान में तोड़ दम

### नियमितीकरण, ग्रेड पे और मातृत्व लाभ हैं प्रमुख मुद्दे

# एनएचएम कर्मचारी संघ की हड़ताल, सरकार से मांगें पूर्ण करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ द्वारा 10 सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन आंदोलन के दौरान गणेश चतुर्थ के दिन भी एनएचएम कर्मचारियों का हड़ताल जारी रहा, हड़ताली कर्मचारियों ने गणेश जी की पूजा वंदन के बाद शासन को कर्मचारियों की मांग पूरे करने हेतु मनोकामना मांगी।

- गणेश पूजा के दौरान भी हड़ताल का संकल्प कायम

हड़ताल में दसवें दिन बस स्टैंड बालोद में नियमितीकरण कुसएँ दौड़ का आयोजन किया गया था। जिसमें संविदा कुप्रथा को खत्म करने का प्रयत्न किया गया। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा कहा गया कि कर्मचारियों की मांग मान ली गई है जो कि कर्मचारियों द्वारा कहा जा रहा है कि स्वास्थ्य मंत्री कर्मचारियों को झांसा दे रहे है अगर मांग मान ली गई है तो आदेश क्यों नहीं दिखाते और कुछ मांगे केंद्र स्तर की है तो कर्मचारियों का कहना है कि दूसरे राज्य भी तो नियमितीकरण कर रहे है। कर्मचारियों का कहना है कि कम से कम मातृत्व राज्य मध्य प्रदेश में जो लाभ एनएचएम कर्मचारियों को मिल रहा है उतना ही तत्काल में में छत्तीसगढ़ के एनएचएम कर्मचारियों को भी मिले। कर्मचारियों का कहना है कि ग्रेड पे के लिए डॉ सुभाष मिश्रा की पिछली कमेटी ने अनुशंसा की थी वो भी अभी तक लागू नहीं किए। चिकित्सा परिचर्चा के लिए 2022 से ही आरओपी में फंड केंद्र द्वारा जारी किया गया था परंतु आज तक लागू नहीं हुआ। केंद्र द्वारा 2012 में एनएचएम कर्मचारियों को नियमितीकरण के लिए आईएएस मनोज झालानी ज्वाइंट सेक्रेटरी ने राज्य को लिखा था जिसमें स्पष्ट लिखा है कि एनएचएम कर्मचारियों को नियमितीकरण के लिए केंद्र की अनुमति आवश्यक नहीं है। फिर भी स्वास्थ्य मंत्री द्वारा कर्मचारियों की मांग पूरी नहीं की जा रही है।

पब्लिक हेल्थ कार्डर के लिए 2017 की नेशनल हेल्थ पॉलिसी में सभी राज्यों को कहा था। जिसे बिहार में लागु भी किया गया है। परंतु जिसे छत्तीसगढ़ में लागू करने में सरकार आनाकानी कर रही है अगर ये लागू होता है तो आम जन को और अच्छी हेल्थ सुविधा मिलेगी क्यों कि इससे और पद सृजित होगा जिससे ग्रामीण चिकित्सा और अच्छी होगी जिससे आमजन लाभान्वित होगा। पूर्व में भी नियमितीकरण की




▸▸| शेष पेज 13 पर





## खबर संक्षेप



### भीड़ नियंत्रण व पार्किंग को लेकर ट्रैफिक पुलिस की बैठक

**भिलाई।** त्यौहार में भीड़ नियंत्रण और प्रबंध करने के लिए एएसपी रिचा मिश्रा ने ट्रैफिक जवानों की बैठक नेहरु नगर कार्यालय में लिया। इस दौरान पार्किंग प्रबंधन को लेकर बातचीत हुई। त्योहार अवधि में आमजन की सुरक्षा, ट्रैफिक की सुगमता सुनिश्चित किया। गणेश प्रतिमाओं की स्थापना, विसर्जन स्थलों के आसपास ट्रैफिक पुलिस बल की तैनाती, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में रुट डायवर्सन प्लान,आयोजन स्थल, मुख्य मार्गों के निकट पर्याप्त पार्किंग जोन, आपातकालीन सेवाओं के लिए स्वतंत्र मार्ग, ट्रैफिक व्यवस्था की सतत निगरानी के लिए सीसीटीवी, कंट्रोल रूम के माध्यम से मॉनिटरिंग, बैरिकेडिंग, साइन बोर्ड्स के माध्यम से श्रद्धालुओं को उचित दिशा-निर्देश प्रदान करना है। ट्रैफिक पुलिस ने अपील किया है कि सभी नागरिकों से अनुरोध करती है कि गणेश चतुर्थी महोत्सव के दौरान ट्रैफिक पुलिस द्वारा निर्धारित मार्ग, पार्किंग व्यवस्था का पालन करें। अनावश्यक रूप से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में वाहन प्रवेश से बचें। प्रतिमा स्थल व विसर्जन मार्ग पर पैदल चलने, सुरक्षा बैरिकेडिंग का पालन करें। ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के निर्देशो का सहयोगात्मक भाव से पालन करें। नागरिकों के सहयोग से ही महोत्सव को सुरक्षित, शांतिपूर्ण व्यवस्था किया जाएगा।

### तीजा पर बहनों को खिलाया करू भात



**दुर्ग।** ग्राम कोटनी में तीजा पर्व पर ग्राम पंचायत एवं युवाओं द्वारा गांव के सभी तिजहरिन बहनों को करेला भात खिलाया गया। इस दौरान रामसिंह निषाद सरपंच ने सभी तिजहरिन विवाहित महिलाओं को पति की दीर्घायु और कुंवारी युवतियां सुयोग्य वर की कामना के साथ निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव-पार्वती की व्रत रखऽ महिलाओं को शुभकामनाएं दी। वरिष्ठ समाजसेवी धनीराम निषाद ने भी सभी को बधाई दी।

### मांगों को लेकर बनाई मानव श्रृंखला




**दुर्ग।** मार्च फॉर साइंस ऑर्गेनाइजिंग कमेटी द्वारा मार्च फॉर साइंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मानव श्रृंखला बनाकर छात्र व विज्ञान प्रेमियों द्वारा विभिन्न मांगें रखी। जिसमें हसदेव एवं रायगढ़ जंगल की कटाई व खनन पर रोक लगाने, जंगल, जल, जमीन और जैव विविधता की रक्षा करने शामिल हैं।

# आयुक्त ने किया वार्डों का निरीक्षण, अतिक्रमण पर कसा शिकंजा

## एटीएम के बाहर झाड़ियां साफ करने, त्रिमूर्ति कैंटीन में कोयला बंद करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल अधिकारियों के साथ शहर के वार्डों के निरीक्षण पर निकले। इस दौरान उन्होंने कई स्थानों पर स्वच्छता व्यवस्था अव्यवस्थित व अतिक्रमण पर वहां तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि शहर की स्वच्छता और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है, और इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहें।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त सुमित अग्रवाल ने सबसे पहले जिला सहकारी बैंक के एटीएम परिसर पहुंचे। वहां एटीएम के बाहर झाड़ियां और गंदगी फैली हुई दिखी। उन्होंने तुरंत सफाई अमले को बुलाकर झाड़ियों को हटाने और आसपास की साफ-सफाई दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

### कैंटीन में कोयले से चाय बनाने पर लगाई रोक

आयुक्त जब तहसील कार्यालय परिसर स्थित त्रिमूर्ति कैंटीन पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि यहां चाय-नाश्ता बनाने में अब भी कोयले का उपयोग हो रहा है। उन्होंने इसे पर्यावरण और स्वच्छता की दृष्टि से अनुचित बताते हुए तुरंत कोयले का उपयोग बंद करने का आदेश दिया। साथ ही कैंटीन संचालक को नोटिस जारी कर वैकल्पिक व्यवस्था अपनाने की बात कही।



**गांधी चौक पर अस्थायी दुकान जप्त करने के निर्देश:** गांधी चौक निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने दीवार से सटाकर एक अस्थायी दुकान का खड़े स्ट्रक्चर को अतिक्रमण मानते हुए निगम के अतिक्रमण विभाग को तत्काल स्ट्रक्चर जप्त करने के निर्देश दिए।

### जल परिसर में फैला कचरा हटवाया

निरीक्षण दल जब जल परिसर क्षेत्र पहुंचा तो वहां लोगों द्वारा फेंके गए बाउंड्रीवाल के अंदर कचरे का ढेर मिला। इस पर आयुक्त ने मौके पर मौजूद अमले को तुरंत सफाई करने का आदेश दिया। साथ ही आसपास रहने वाले लोगों को कचरा न फैलाने की सख्त चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद यदि लोग सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकते पाए गए तो उन पर जुर्माना लगाया जाएगा।

### शहर की स्वच्छता सर्वोच्च प्राथमिकता

निरीक्षण के अंत में आयुक्त अग्रवाल ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा नगर निगम का मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाना है। इसके लिए रोजाना निरीक्षण होगा और जहां भी गड़बड़ी मिलेगी, वहां तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

## योजना : दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिला है शामिल

# 3 जिलों में 3.22 लाख उपभोक्ताओं को योजना का मिल रहा लाभ, पीएम सूर्य घर योजना लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बिजली कंपनी ने घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देने वाली हॉफ बिजली बिल योजना को 400 यूनिट की मासिक छूट की सीमा में संशोधन किया है।

अब 100 यूनिट तक की मासिक खपत पर 50 प्रतिशत की रियायत उपभोक्ताओं को मिलेगा। हॉफ बिजली बिल योजना के तहत दुर्ग जिले में 1.39 लाख 80 उपभोक्ता, बालोद में 81 हजार 755 और बेमेतरा 1 लाख 1 हजार 287 जरूरतमंद सामान्य व कमजोर वर्ग के उपभोक्ताओं को योजना का लाभ पहले की तरह मिलेगा। दुर्ग, बालोद, बेमेतरा जिले के 1.27 लाख बीपीएल परिवार भी इसमें शामिल हैं। पहले की तरह इन्हें 30 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलती रहेगी।

वे हॉफ बिजली बिल योजना के तहत अन्य सभी लाभों से भी यथावत लाभान्वित रहेंगे। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को भी बिजली कंपनी तेजी से लागू कर रही है। बिजली कंपनी से मिली जानकारी के मुताबिक उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने पर केंद्र और राज्य सरकारों से अधिकतम 1 लाख 8 हजार तक उपभोक्ताओं को सब्सीडी दी जा रही है। योजना के तहत 2 किलोवॉट प्लांट से प्रतिमाह औसतन 240 यूनिट उत्पादन संभव है। जिस पर 90 हजार तक कुल सब्सीडी 60 हजार केंद्र और राज्सय 30 हजार देता है। 3 किलोवॉट क्षमता के प्लांट से प्रतिमाह औसतन 360 यूनिट उत्पादन संभव है। इसमें 78 हजरा केंद्र और राज्य 30 हजरा का लाभ उपभोक्ताओं को देता है। शेष राशि के लिये जो उपभोक्ता बैंक से ऋण लेना चाहते हैं, उनके लिये आकर्षक और न्यूनतम वार्षिक ब्याज, कम से कम दस्तावेज में उलब्ध है।

## 1.27 लाख हजार बीपीएल परिवारों को मुफ्त बिजली



### पीएम सूर्यघर योजना से भी लाभ

पीएम सूर्यघर मोबाइल ऐप के वेबसाइट, मोर बिजली ऐप, बिजली कंपनी की टोल फ्री नंबर 1912 पर कॉल कर आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए के नजदीकी बिजली कंपनी के कायालय में उपभोक्ता लगातार संपर्क कर रहें है। इस योजना के तहत उपभोक्ता सौर प्लांट के स्थापना के लिए वेंडर का चयन ऑनलाइन खुद कर सकते हैं। बिजली कंपनी ने बताया कि सौर प्लांट स्थापित होने के बाद केन्द्र, राज्य से प्राप्त होने वाली सब्सिडी राशि सीधे उपभोक्ता के खाते में अथवा बैंक से लोन लेने वालों के खाते में आता है।

### मुफ्त बिजली योजना तेजी से लागू


उपभोक्ताओं को ऊर्जा के मामले में आत्मनिर्भर बनाने सीजी सरकार पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को भी तेजी से लागू कर रही है। जिसके अंतर्गत उपभोक्ताओं को रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने पर केंद्र और राज्य सरकारों से अधिकतम 1.8 लाख तक की सब्सिडी दे रही है। दुर्ग, बेमेतरा, बालोद के उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा है। **-संजय खंडेलवाल,** मुख्य अभियंता सीएसपीडीसीएल दुर्ग

### 911 परिवारों ने लगाया है सोलर पैनल

दुर्ग, बालोद , बेमेतरा जिले के 911 परिवार सोलर पैनल लगाकर ना केवल मुफ्त बिजली का लाभ उठा रहे हैं। बिजली के भारी-भरकम बिलों से भी राहत पा रहे हैं। वर्तमान में मार्केट में विभिन्न कंपनियों के डीसीआर सोलर पैनल उपलब्ध है। जिनके 3 किलोवॉट तक के सिस्टम की कीमत 1.8 से 2.10 लाख तक है। इसी तरह उपभोकता के 3 किलोवॉट के सोलर प्लांट पर 1. 8 लाख की सब्सिडी घटाकर शेष राशि स्वयं वहन करना होता है। उपभोक्ताओं द्वारा सोलर पैनल पैनल लगो जाने से कई लाभ मिल रहे है।

# प्रदेशभर में दुर्ग का सबसे ज्यादा 34 डिग्री तापमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



दो दिनों से मौसम खुला है। मंगलवार को दिनभर आसमान पूरी तरह साफ रहा। जिससे अधिकतम तापमान अचानक बढ़ गया। प्रदेशभर में दुर्ग जिले का अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। जो सामान्य से 3.9 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है।

■ अचानक बारिश के आसार

मौसम विभाग के हिसाब से ओडिशा तट से सटे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव वाले क्षेत्र के प्रभाव से व छत्तीसगढ़ में अगले 3 दिनों तक एक-दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है।

### बस्तर में भारी बारिश, दुर्ग में सूखा

मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों में बस्तर संभाग के एक-दो स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा दर्ज की गई। सरगुजा संभाग के अधिक पर मध्यम वर्षा हुई। दुर्ग और रायपुर संभाग के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा हुई। बिलासपुर संभाग के कुछ हल्की से मध्यम वर्षा हुई। एक-दो स्थानों पर भारी वर्षा भी दर्ज की गई है।

### अब तक सामान्य से 5 मिमी औसत बारिश कम

मौसम विभाग के मुताबिक दुर्ग संभाग में एक जून से अब तक 708.6 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। पिछले साल 26 अगस्त तक 749.6 मिलीमीटर बारिश हुई थी। इस तरह औसत बारिश पिछले साल से इस साल 5 मिलीमीटर कम है। हालांकि पिछले दो दिन पहले हुई लगातार बारिश ने खेतों व जलाशयों की स्थिति को सुधार दिया है। इसलिए किसानों की उम्मीदें जगी है। फसल संभल चुकी है। अच्छी पैदावारी होने की उम्मीद किसानों को है।

### सिस्टम में ये द्रोणिकाएं हैं सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक ओडिशा तट के पास बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिम में बना निम्न दवाव का क्षेत्र मंगलवार को बना रहा। इससे जुड़ा चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 7.6 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। ऊँचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुक रहा है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और अगले 2 दिनों में और स्पष्ट होने की संभावना है। मानसून की द्रोणिका गंगानगर, सिरसा, आगरा, बांद्रा, सीधी, संबलपुर से होकर ओडिशा तट के पास बंगाल की खाई उत्तर-पश्चिम में निम्न दबाव क्षेत्र के केंद्र तक पहुंच रही है और बड़ा से दक्षिण-पूर्व की ओर बंगाल की खाड़ी के पूर्व मध्य तक पहुंच रही है तथा समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर तक फैली हुई है।

### कॉलेज में सीपीआर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**दुर्ग।** सेठ रतन चंद सुराना कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन, ऑफ़ इंडिया रोटरी क्लब ऑफ भिलाई ग्रेटर एवं एबीवीपी दुर्ग भिलाई के संयुक्त तत्वाधान में कार्डियोलॉजी सोसाइटी ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ द्वारा एक जीवन बचाएं सीपीआर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण मे महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस स्वयं सेवक, अन्य छात्र-छात्राएं व प्राध्यापक-कर्मचारी, सेठ रतन चंद सुराना विधि महाविद्यालय, सेठ, बद्रीलाल, शिक्षा, महाविद्यालय तथा नेशनल, स्कूल के छात्र-छात्राएं एवं प्राध्यापक कर्मचारी उपस्थित होकर इस कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यशाला में कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ जयराम अय्यर, सचिव डॉ मनोज गुप्ता रोटरी क्लब के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सचिव निकेत मेहता एवं ट्रेनर फैकल्टी डॉ. श्रीनाथ तथा अन्य चिकित्सक उपस्थित थे। कार्यशाला मे तकनीकी सहायता सन फार्मा द्वारा प्रदान किया गया । प्रशिक्षण के पश्चात महापौर अलका बाघमार द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में जिला शिक्षण समिति का अध्यक्ष प्रवीण चंद्र तिवारी, शासी निकाय के अध्यक्ष मनोज शर्मा, सदस्य अनिल सुराना सुरेन्द्र राजपूत आदि उपस्थित थे।

# सेल के फौलाद से बने आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि करेंगे सरहद की रक्षा

## क्रिटिकल -ग्रेड स्टील की आपूर्ति की देश की रक्षा क्षेत्र के साथ साझेदारी का गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सेल ने भारतीय नौसेना के दो उन्नत फ्रंटलाइन युद्धपोतों, आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि के लिए लगभग 8 हजार टन क्रिटिकल-ग्रेड स्टील की आपूर्ति करके देश के रक्षा क्षेत्र के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी जारी रखी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में, विशाखापत्तनम में, आयोजित समारोह के दौरान, इन दोनों फ्रिगेटों आज मंगलवार को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया।

■ भारतीय नौसेना में किया गया शामिल

कंपनी ने उन्नत युद्धपोतों के निर्माण के लिए कंपनी ने मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड के साथ साझेदारी करते हुए, अपने बोकारो, भिलाई और राउरकेला स्टील प्लांट्स से क्रिटिकल ग्रेड की हॉट-रोल्ड शीट और प्लेट्स की आपूर्ति की। भारतीय नौसेना के लिए क्रिटिकल -ग्रेड स्टील के विकास और आपूर्ति के जरिये, सेल ने आयात प्रतिस्थापन और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता में एक महत्वपूर्ण योगदान दिया है । अकेले राउरकेला स्टील प्लांट के स्पेशल प्लेट प्लांट ने टैंक, युद्धपोतों और मिसाइलों जैसे रक्षा अनुप्रयोगों के लिए एक लाख टन से भी अधिक क्रिटिकल - ग्रेड स्टील की आपूर्ति की है।

### कुशल चालक दल को विकसित करने में सक्षम

आईएनएस उदयगिरि और आईएनएस हिमगिरि जैसे जहाजों को नौसेना में शामिल होने से भारत अब देश में ही अपने जहाजों के लिए बुनियादी स्टील से लेकर इनके जटिल डिजाइन बनाने और कुशल चालक दल तक को विकसित करने में सक्षम है। यह देश की रक्षा प्रणाली की ताकत और मजबूत नींव को प्रदर्शित करता है। भारत के रक्षा क्षेत्र के साथ सेल की स्थायी साझेदारी अच्छी तरह से स्थापित है। इसमें आईएनएस विक्रांत, आईएनएस नीलगिरी, आईएनएस अजय, आईएनएस निस्तार, आईएनएस अर्णाला, आईएनएस विंध्यगिरि और आईएनएस सूरत आदि जहाजों के लिए महत्वपूर्ण-ग्रेड स्टील की आपूर्ति की है।

# एसएमएस-3 में राजभाषा पखवाड़ा का किया आयोजन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में राजभाषा पखवाड़ा शुरु हुआ। मुख्य अतिथि त्रिभुवन बैठा थे। इस अवसर पर विविध प्रतियोगिताएं हुई। राजभाषा के लिए जागरुक किया गया।

पखवाड़ा के दौरान जेडएनएस नोट राइटिंग प्रतियोगिता, रूपांतरण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, सुरक्षा, पर्यावरण, उत्पादन एवं राजभाषा से संबंधित विषयों पर स्लोगन प्रतियोगिता, स्व-रचित कविता वाचन प्रतियोगिता तथा सुरक्षा, पर्यावरण, उत्पादन, राजभाषा, स्वास्थ्य, जीवन शैली एवं सामाजिक सरोकारों पर आधारित तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गईं। विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों ने भाग लिया। समापन समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। नोट राइटिंग



प्रतियोगिता में प्रथम ओमप्रकाश, द्वितीय अतुल बेन्दाले, तृतीय रजत कुमार सरकार ने प्राप्त किया। वहीं रूपांतरण प्रतियोगिता में प्रथम प्रशांत दलाई, द्वितीय वंदना सोनी, तृतीय प्रियंका कुमारी रहीं। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम अरुण कुमार सिंह, द्वितीय पन्नालाल सिन्हा, तृतीय डी. हेमराज को मिला। कविता वाचन प्रतियोगिता में प्रथम श्वेत मिश्रा, द्वितीय केशव पटेल, तृतीय नीरज दुबे तथा तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में प्रथम ऋतुराज पटनायक, द्वितीय केशव पटेल, तृतीय श्वेत मिश्रा ने प्राप्त किया, निबंध में प्रथम कु. रीना कुमारी, द्वितीय निधि सांगा, तृतीय ब्रजनंदन राम रहे। कमल किशोर ने हिंदी क्विज़ किया

### आयरन ज़ोन ईडी वर्क्स कांट्रेक्चुअल वर्कर्स क्विज प्रतियोगिता, विजेताओं को मिले पुरस्कार

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के ईडी वर्क्स कांट्रेक्चुअल वर्कर्स क्विज कॉम्पिटिशन का आरंभ सिंटर भवन में आयरन ज़ोन की प्रतियोगिता के साथ किया गया। ज़ोन स्तरीय प्रतियोगिता में आयरन ज़ोन के 7 विभागों कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग, ब्लास्ट फर्नेस, ओर हैंडलिंग प्लांट, प्रोपेन संयंत्र, ईएमडी, एलडीसीपी तथा सिंटर प्लांट से 19 टीमों ने भाग लिया। ,सीजीएम अनूप कुमार दत्ता तथा सजीव



वर्गीज़ मुख्य अतिथि थे। उन्होंने नॉलेज शेयरिंग और टीमवर्क को व्यावसायिक विकास में महत्वपूर्ण बताया। कोक ओवन, सिंटर प्लांट तथा ब्लास्ट फर्नेस की तीन टीमों ने विजेता बनर सितंबर में आयोजित की जा रही संयंत्र स्तरीय क्विज में आयरन जोन का प्रतिनिधित्व करने के लिए स्थान बनाया।

### छग प्रगतिशील लेखक संघ की बैठक, स्थापना दिवस और रचनाकार शिविर पर हुई गहन चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ के 90 वें स्थापना दिवस, राज्य सम्मेलन सहित विभिन्न साहित्यिक आयोजनों को लेकर छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ राज्य कार्यकारिणी की बैठक छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ रायपुर जिला इकाई के सहयोग से हुई । बैठक में प्रांतीय महासचिव सहित भिलाई दुर्ग प्रलेसं के पदाधिकारी भी शामिल हुए। अध्यक्षता छग प्रगतिशील लेखक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष नथमल शर्मा ने की । छग प्रलेसं के अध्यक्ष मंडल के वरिष्ठ सदस्य लोकबाबू,वेदप्रकाश अग्रवाल,डॉ.जीवन यदु, डॉ.अरुण कांत शुक्ल,प्रांतीय सचिव विश्वासी इक्का मौजूद थे । छग प्रलेसं के प्रांतीय महासचिव परमेश्वर वैष्णव ने बताया कि बैठक में हैदराबाद राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक की रपट,रचना शिविर,आगामी राज्य अधिवेशन आदि सभी विषयों पर विचार विमर्श हुआ। विभिन्न इकाइयों में रचनाकार शिविर व किताबों पर चर्चा गोष्ठी आयोजन के साथ सांगठनिक सक्रियता विचार प्रस्तुत किए । प्रांतीय अध्यक्ष नथमल शर्मा ने प्रगतिशील लेखक संघ की 90 वीं वर्षगांठ पर देश भर सभी प्रांत में इस वर्ष आयोजकीय सेलिब्रेशन मनाने की सूचना दी । महासचिव परमेश्वर वैष्णव ने हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक की रपट व जिला इकाइयों के अध्यक्ष/सचिव ने अपनी गतिविधियों की रपट प्रस्तुत की । बैठक में डॉ.आलोक वर्मा,संजय शाम, नंद कुमार कंसारी, हबीब खान,रफीक खान,डॉ सत्य भामा अवस्थी, जय प्रकाश,थान सिंह वर्मा, राजेश कुमार मिश्रा, सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, डॉ.राकेश तिवारी, शिव सिंह भदौरिया, श्याम बिहारी बनाफर, पोषक लाल वर्मा, संकल्प पहाटीया, डॉ.स्वामी राम बंजारे आदि सदस्य उपस्थित थे ।

## निर्माण के लिए 23.96 करोड़ की स्वीकृति

# विधायक गजेंद्र की पहल पर महाराजा चौक से बोरसी तक बनेगा फोरलेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र में एक और फोरलेन सड़क बनाने विष्णुदेव साय सरकार ने दुर्गवासियों को सौगात दी है। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव के प्रयास से 2024-25 के बजट में स्वीकृत कार्य को प्रारंभ करने शासन ने 23.96 करोड़ की राशि की स्वीकृति प्रदान की है, अब टेंडर प्रक्रिया के बाद निर्माण शुरू किया जाएगा। सड़क के चौड़ीकरण होने यहां से गुजरने वाले हजारों वाहनों का यातायात सुगम होगा।

■ यातायात व्यवस्था में होगा सुधार लोगों को मिलेगी राहत

इस स्वीकृति से दुर्ग शहर के विकास को नई गति मिलेगी। शहर के भीतरी क्षेत्र में लंबे समय से बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने में यह कार्य मील का पत्थर साबित होगा। चौड़ीकरण कार्य पूरा होने के बाद नागरिकों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी और यातायात व्यवस्था सुगम होगा।

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा की दुर्ग शहर के सतत विकास और नागरिकों की सुविधा हमारी पहली प्राथमिकता है। महाराजा चौक से बोरसी मार्ग का फोरलेन कार्य पूरा होने के बाद जहां ट्रैफिक का दबाव कम होगा, वहीं क्षेत्र की सौंदर्यता और यातायात व्यवस्था में भी बड़ा सुधार आएगा। इससे न केवल दुर्ग शहर के नागरिकों को राहत मिलेगी बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के यात्रियों को भी सुगम यातायात का लाभ मिलेगा।



### सड़क की मजबूती पर विशेष ध्यान

महाराजा चौक से बोरसी तक 1.80 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण के साथ-साथ जल निकासी व्यवस्था, डिवाइडर, स्ट्रीट लाइट एवं सड़कों की मजबूती पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वाहनों की बढ़ती संख्या तथा ट्रैफिक से बचने उतई, पाटन क्षेत्र के नागरिक भी इसी सड़क का उपयोग करते है। इस सड़क के चौड़ीकरण की मांग स्थानीय जनता बरसों से कर रहे थे, उनकी लंबित मांग को प्रदेश के स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने गंभीरता से लिया और इंजीनियर की टीम के साथ मौका का निरीक्षण कर प्रस्ताव तैयार कराए। शासन स्तर पर 23.96 करोड़ रुपये की स्वीकृति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### सड़क चौड़ीकरण व पुनर्निर्माण के लिए जताया आभार



शहर विधानसभा क्षेत्र के लिए राज्य शासन से चंडी मंदिर से नयापारा रोड का चौड़ीकरण एवं पुनर्निर्माण कार्य के लिए 16 करोड़ स्वीकृत प्रदान कराने के लिए चंडी शीतला मंडल द्वारा कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव का आभार जताया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर, महामंत्री अमित पटेल ,नवीन साहू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश नलोडे, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय ताम्रकार,आसिफ अली सैयद ,पार्षद मनीष साहू, गोविंद देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### साउंड सिस्टम जब्त आरोपी पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** तेज आवाज में साउंड सिस्टम बजाने के मामले में पुलिस ने साउंड सिस्टम को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। वहीं मोहल्ले में हुडदंग करने के मामले में तीन आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना बसंतपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुआ कि नंदई कुंआ चौक के पास अत्याधिक आवाज में साउंड सिस्टम बजा रहा है। जिससे आने-जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही है, जिसे तत्काल संज्ञान में लेते अनावेदक निकेश कौशिक 29 साल साकिन कुंआ चौक के विरुद्ध धारा 15, 16 कोलाहल अधिनियम के तहत साउंड सिस्टम को जब्त कर ईशतगाश तैयार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। थाना बसंतपुर क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर मोहल्ले में हो-हुड़दंग करने वालों के विरूद्ध दीपेन्द्र 26 साल बंगालीचाल, भूषण उइके 28 साल नंदई, किशन विश्वकर्मा उर्फ लल्लु 19 साल डबरीपारा के विरूद्ध ईशतगाशा तैयार कर माननीय एसडीएम न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर,एवं अन्य स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

### सड़क पर मवेशी मालिकों पर चिखली पुलिस ने की कार्रवाई

**राजनांदगांव।** सड़कों पर मवेशियों के जमघट और बढ़ रही दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस ने अभियान चलाया है। जिसके तहत चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने मवेशी मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की है। आम रोड मे बैठे पालतू जानवर मवेशियों के संबंध मे विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान कार्रवाई में 25 अगस्त को वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं चौकी प्रभारी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव के दिशा-निर्देश पर प्रधान आरक्षक अरूण कुमार नेताम, आरक्षक चंद्रकपुर आयाम की टीम गठित कर इस अभियान में आम नागरिकों व गवाहों को साथ लेकर स्टेट हाईवे राजनांदगांव-खैरागढ़ मार्ग पर कार्रवाई की गई । अभियान के दौरान सड़क पर बैठे मवेशियों के मालिकों का टैग नंबर एनालिसिस कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की गई। मवेशियों के संबंध में उपेक्षापूर्ण आचरण कृत्य करते पाए जाने से जनसुरक्षा को खतरे में डालने का दोषी पाए जाने पर मनोज यादव 35 साल साकिन रमन बाजार चिखली व चंद्रेशी राय 51 साल साकिन शीतला मंदिर के पारा चिखली मवेशी मालिकों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। दोनों के विरूद्ध धारा 291 बीएनएस के तहत पृथक-पृथक कार्रवाई की गई।

## पेज 11 के शेष

### असामाजिक तत्वों ...

जानकारी मिली। पंचों के साथ मौके पर जाकर देखें तो बड़ी घटना घटने की पूरी आशंका थी। रसोई घर में एक भरा हुआ सिलेंडर रखा हुआ था। महिला को हिदायत दी गई कि सिलेंडर को दूसरी जगह रखें या खाना बनाने के बाद रात में सोते समय सिलेंडर को चूल्हे से निकाल कर अलग कमरे में रखें। जिस तरह से अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके घर को आग लगाने का प्रयास किया गया है ऐसी घटना दोबारा भी घट सकती है। पुलिस प्रशासन से भी मांग करते हैं कि लगातार जगन्नाथपुर में पेट्रोलिंग गश्त बढ़ाई जाए और आसामाजिक तत्वों को नियंत्रित किया जाए।

### एनएचएम कर्मचारी ...

फाइल चली थी परंतु इस सरकार द्वारा इसे रोक दिया गया है और इस पे कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। जिसमें नोटशीट उल्लेख है कि केंद्र से कोई अनुमति की आवश्यकता नहीं है और केंद्र से सभी तरह का लाभ मिलता रहेगा और जिन राज्यों ने किया है उने मिल रहा है। इसके साथ ही कर्मचारियों द्वारा रायपुर में बहुत बड़े स्तर पर भी हड़ताल की योजना बनाई जा रही है। हड़ताल में जिला अध्यक्ष खिलेश साहू, सदस्य पुष्पकांत नागवंशी, सरिता देवांगन, सतेंद्र साहू अनूप देशपांडे, दीपांजलि साहू, डॉ यशवंत वर्मा, पीनेश, लोकेश कुमार वर्मा, मुकेश साहू, लोकेंद्र वर्मा, रजनी कौर, सुनील महतो और अन्य सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

---

### कुआं निर्माण कर आर्थिक स्थिति में लाया सुधार, अब दोहरी फसल का उठा रहा लाभ

# सूखती फसल को बचाने कमलेश ने मनरेगा से खेत में खुदवाया कुआं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

ग्राम पंचायत दरगहन के 3 आश्रित ग्राम है, जिसमे दरगहन, दानीटोला एवं डोकला मिलकर एक ग्राम पंचायत बना है, गांव में खेती–किसानी का रकबा काफी होने के बाद भी पानी की कमी के कारण किसान पर्याप्त फसल नहीं ले पाते हैं। ग्रामसभा के माध्यम मनरेगा के तहत कुंआ के निर्माण के संबंध में जानकारी ग्रामीणों को दी गई।

इसके तहत बताया गया कि कुंआ निर्माण होने से बारिश के पानी को संचित किया जा सकता है। इससे जहां एक ओर फसल को नमी प्राप्त होती है, वहीं बारिश के मौसम में कम वर्षा या अंतराल के दिनों में फसलों को कुंआ के पानी से बचाया जा सकता है।

ग्राम पंचायत क्षेत्र भूमिगत जलस्तर में कमी वाला स्थान है, ऐसे में खेतों तक पानी मिलना और लगी फसलों और सॉग–सब्जियों को बचाना मुश्किल हो जाता था। पानी की मुश्किलें और पानी के संसाधनों को जुटाने की आर्थिक समस्या को देखते हुये



हितग्राही कमलेश कुमार ने ग्राम सभा में मिली जानकारी के आधार पर अपने खेत में कुंआ बनाने का फैसला लिया। उन्होंने अपने 1 एकड़ 50 डिसमिल खेती के रकबे में से कुछ हिस्सा कुंआ निर्माण के लिए दिया, जिसमें मनरेगा से एक कुंआ का निर्माण हुआ। अब उनके पास अपनी फसलों को सूखे से बचाने के लिए खुद का पानी का संसाधन है। कुंआ निर्माण होने से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ, अब वे बाड़ी से अपने परिवार का गुजर–बसर बेहतर कर पा रहे हैं। किसानों को कुंआ से जोड़ने को लेकर जो समस्याएं थी, उनमें उनका खेती का रकबा कम होना और कुंआ में पानी को लेकर थी। ग्राम सभा में सबके सामने कुंआ निर्माण के फायदे और ग्राम पंचायत कार्यालय में किसानों की भ्रांतियों को दूर करने को लेकर की गई कोशिशों का ही नतीजा था। कमलेश कुमार ने मनरेगा से कुंआ मिलने के बाद, कृषि कार्य के साथ–साथ साग सब्जी उगाकर अपनी आय का दुगुना करने का रास्ता तैयार किया। अब सिंचाई एवं आर्थिक मामले में कमलेश कुमार आत्मनिर्भर हो गये हैं। कमलेश कुमार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वे बेहतर जिंदगी गुजर–बसर कर सकें। हर दिन उनके सामने परिवार के भरण–पोषण की समस्या बनी रहती थी। बच्चों की पढ़ाई उनके अन्य खर्चे भी उनके लिए भारी थे, लेकिन जब उनके खेत में कुंआ खोदी गई और उसमें भरपूर पानी मिला तो आर्थिक रूप से बहुत फायदा हुआ।

कमलेश कुमार के पास 1 एकड़ 50 डिसमील जमीन है, जिसमें एक फसल लेता था, कुंआ निर्मित होने के पश्चात दो फसल का लाभ ले रहे है। कुंआ के पहले जहां 20 हजार रूपए धान की फसल से प्राप्त करते थे, वहीं कुंआ निर्माण के बाद उनके परिवार ने 70 से 80 हजार रूपए की आय धान, गेहूं, सब्जी–भाजी, आदि से प्राप्त की। दूसरे किसान भी उनकी इस उन्नति का राज जानने के लिए उनके पास आते हैं।

---

## मानस प्रेमियों ने रामचरित पर आयोजित की ऑन लाइन व्याख्यान माला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जामगांव आर




श्रावण मास में रामचरित मानस का पच्चीस दिवसीय ऑनलाइन व्याख्यान माला का आयोजन हुआ, जिसमें प्रतिदिन सौ से अधिक मानस प्रेमियों की उपस्थिति रही।

इसी पटल पर 19 अगस्त से 24 अगस्त तक एकादशी चिंतन यात्रा आयोजित किए गए। इसमें मानस कथा प्रसंग महिला पात्र के चरित्र चित्रण, महिला कथा वक्ताओं और महिला संचालकों द्वारा संपन्न किए गए। प्रतिदिन वक्ताओं द्वारा महिला पात्र के चरित्र पर अद्भुत, मार्मिक चित्रण प्रस्तुत किए जाते रहे। कृतिका कलिहारी कौशिल्या चरित, लेखनी वर्मा अहिल्या चरित, लीना साहू सुमित्र चरित, सुनीता साहू कैकेई चरित, संगीता निषाद उर्मिला चरित, यशोदा साहू अनुसूईया चरित, पुष्पांजलि सिन्हा सीता चरित, अंजु शर्मा मंदोदरी चरित, आरती साहू स्वयं प्रभा चरित, संतोषी साहू सबरी चरित एवं पुष्पा मिश्रा दीदी जी ने पार्वती चरित पर, अत्यंत सारगर्भित, मार्मिक, प्रसंगानुकूल बहुत भावप्रवण चिंतन विश्लेषण पिरोए। प्रतिदिन कार्यक्रम का संचालन भी नारी शक्तियों ने ही किया, इसमे अंजलि गुहा, सविता सोन, वंदना साहू, गंगा वर्मा उपस्थित थे। शिक्षा विद छन्नूलाल साहू ने इस एकादशी चिंतन यात्रा पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह एक प्रकार से परमात्मा के दिव्य स्वरूप को प्राप्त करने या अनुभूति करने का उत्कृष्ट आयोजन है। जिस प्रकार दश इंद्रियों को विभिन्न यौगिक क्रियाओं से संयमित करके समाधिस्थ स्थिति को प्राप्त कर जीव परमात्मा के साथ एकाकार हो जाता है तब भगवान का विराट दिव्य स्वरूप एकादशी के रूप मे जीव दर्शन कर पाते हैं।

---

## मोहारा गायत्री प्रज्ञा पीठ में 40 दिवसीय सामूहिक अनुष्ठान का हुआ समापन





हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

मोहारा के हीरक मंडल स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ में 40 दिवसीय सामूहिक अनुष्ठान का समापन हुआ। इस अवसर पर पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में माता के जन्म शताब्दी और अखंड दीप के 100 वर्ष सन 2026 में पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यज्ञ आयोजित किया गया। यह अनुष्ठान गुरु पूर्णिमा के पावन दिन से शुरू हुआ था, जिसमें 18 साधकों ने भाग लिया। इन साधकों के द्वारा प्रतिदिन 33 माला गायत्री मंत्र का जप और प्रातः 6 बजे से दैनिक यज्ञ में आहुतियाँ अनवरत समर्पित की गईं। इस 40 दिवसीय महाअभियान की 19 अगस्त को पूर्णाहूति की गई, जिससे क्षेत्र में आध्यात्मिक और धार्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। यज्ञ का संचालन भूषण लाल सार्वा और संतोष कुमार साहू द्वारा किया गया।

यज्ञ के मुख्य यजमान के रूप में डॉ. डी.एल. गंजीर, उषा गंजीर, डॉ. गोपाल साहू, अनुसुइया साहू, डॉ. हरिकृष्ण गंजीर, रुखमती गंजीर, चम्पेश्वर साहू, यमुना साहू, सालिक राम साहू, तोरण साहू, देवेंद्र सिन्हा, सरोज सिन्हा, धनाराम साहू, द्रौपदी साहू, शंकर साहू, जोहनी साहू, डॉ. पवन गंजीर, राजकुमारी गंजीर, दीपक साहू, देवला साहू, भूषण लाल सार्वा, जामुन सार्वा, भूपेश कुमार साहू, प्रमिला साहू उपस्थित थे। इस आयोजन में गायत्री शक्तिपीठ गुरुर के संयोजक धनसिंह गंजीर, हीरक मंडल घोघोपुरी के संयोजक हरिराम साहू, हीरक मंडल मोहारा के संयोजक यशवंत गंगबेर और मुड़पार से बुद्धदेव साहू की गरिमामय उपस्थिति रही।

---

## रमतरा तिजहारिन माताएं, बहनों और ग्रामवासियों ने मिलकर करूभात खाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर



ग्राम रमतरा में समर्पण युवा परिवार, बजरंग दल ने गांव के सभी तिजहारिन माताएं, बहने, बेटियां एवं पुरुष वर्ग मिलकर लगभग 600 लोगों ने करुभात का प्रसाद लिया।

महिलाओं ने बताया कि करुभात का उदेश्य आपस में बहनो, माताओं से मेंल मिलाप, पुराने यादेआज भागम भागदौंड मे सभी अपने अपने कामो मे सभी व्यस्त रहते है। एक दूसरे से मेल मिलाप नही हो पाता। तीज पर्व में आने से सभी एक जगह एकत्रित होने से सभी सुख दुख बांटते है और करुभात का आनंद लेते है। ग्राम नवयुवक भाइयो बहने एवं माताओं के लिए इतना सुन्दर भोजन परोसते है। ये सभी लोगो के लिए सम्मान की बात है। इस आयोजन में कन्हैयालाल निर्मलकर, गणेश ठाकुर, संतोष साहडा, मुकेश साहू, कल्पना साहू, लीना महार, भूमिका निर्मलकर, दिनेश्वरी साहू, मुस्कान, महेन्द्र, दीपांशु, प्रशांत, प्रवीण, मीरा साहू, भूपेन्द्र निर्मलकर, अंजली, दुर्गा निर्मलकर, योगेश निर्मलकर, अजय कुमार, नूतन निर्मलकर, लखन, नीतू निर्मलकर का योगदान रहा।

---

## तीज मिलन पर औंरी में हुआ सामूहिक करूभात का आयोजन





**जामगांव आर।** समीपस्थ ग्राम औंरी में तीज मिलन पर ग्राम के युवाओं द्वारा सामूहिक करूभात का आयोजन किया गया। इसमें तीजहारिन बहनें बड़ी संख्या में उपस्थित थीं। साहू समाज कर्मा मंदिर प्रांगण में बहने पंक्तिबद्ध बैठकर भारतीय परंपरा के अनुसार मंत्रोच्चार के बाद भोजन ग्रहण किये। अंत में युवाओं द्वारा धार्मिक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम रखा गया, जिसमें बहनों ने बढ़ चढ़कर भाग लिए। बहनों के चेहरे पर खुशी का उत्साह देखते ही बन रहा था। करूभात का महत्व द्वारिका प्रसाद साहू, सेवानिवृत्ति सीआईएसएफ नीलकंठ साहू, प्राचार्य योगेंद्र साहू, विष्णु प्रसाद एवं डॉ. गुलाब साहू ने प्रदान किये। बहनों ने गीत कविता का श्रवण कराया। इस अवसर पर प्रस्तुतीकरण में पूर्णिमा साहू, संतोषी साहू, हेमलता साहू, पूर्णिमा चंद्राकर, दुलारी चंद्राकर, श्वेता चंद्राकर, तनुजा साहू, डिलेश साहू, गायत्री साहू, लिलेश्वरी यादव, रुक्मणी यादव, दुलारी निर्मलकर, लीला साहू, ज्योति साहू, पुष्पा साहू, गोदावरी साहू का विशेष सहयोग रहा।

---

## छात्रों के सर्वांगीण विकास में जुटे पूर्व छात्र

**डौंडीलोहारा।** विकासखंड के ग्राम आलीखूंटा की प्राथमिक शाला में पूर्व छात्रों द्वारा की जा रही अनुकरणीय पहल क्षेत्र के लिए प्रेरणा का विषय बन गई है। शिक्षा के प्रति समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए पूर्व छात्र पिछले छह वर्षों से लगातार विद्यालय के बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं।



भूतपूर्व छात्रों में प्रमुख रूप से लोमस कुमार मनकुपिया, मोहन सिन्हा, डेमेंद्र भूआर्य एवं वेद प्रकाश उर्वशा शामिल हैं। इन्होंने हर वर्ष विद्यार्थियों की आवश्यकता को देखते हुए उपयोगी सामग्री उपलब्ध कराई है। सत्र 2020-21 में बच्चों को पेंसिल एवं नोटबुक उपलब्ध कराई गई। सत्र 2021-22 में अभिव्यक्ति कौशल विकास के लिए साउंड सिस्टम (स्ट्रेंजर बॉक्स) भेंट किया गया। सत्र 2022-23 में जूते-मोजे, टाई-बेल्ट, कलर बुक और पेंसिल दी गई। सत्र 2023-24 में विद्यार्थियों को जूते-मोजे एवं नोटबुक प्रदान किए गए। सत्र 2024-25 में जूते-मोजे एवं स्वेटर उपलब्ध कराए गए। सत्र 2025-26 में जूते-मोजे, टी-शर्ट और लोवर बच्चों को दिए गए। इस सतत सहयोग से बच्चों को पढ़ाई में सुविधा मिलने के साथ ही आत्मविश्वास भी बढ़ा है। विद्यालय में विद्यार्थियों की उपस्थिति और उनके चेहरों पर आई मुस्कान इस बात का प्रमाण है कि यह पहल उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय कर रही है। इस कार्य में सहायक शिक्षक परमानंद साहू ने नेतृत्व की भूमिका निभाई। उन्होंने भूतपूर्व छात्रों से समन्वय कर योजनाबद्ध ढंग से इस पहल को सफल बनाया। संस्था प्रमुख लैलेश्वरी कलियारी ने पूर्व छात्रों के इस योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष संतोष गुप्ता, ग्राम पटेल विमल किशोर साहू, पालक प्रतिनिधि नंदूराम जमदार, किशोरीलाल उर्वशा एवं सदनू राम भूआर्य ने भी उनके कार्यों की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

---

## सतमरा में हुआ करूभात का आयोजन

**बालोद।** ग्राम सतमरा में करूभात समिति एवं समस्त ग्रामवासियों की सहयोग से तिजा पर तीजियारिनों के लिए करूभात खिलाने एवं नाच महोत्सव कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सभापति संचार सकर्म एवं निर्माण समिति जनपद पंचायत गुरुर डॉ. हरिकृष्ण गंजीर थे। अध्यक्षता सभापति जनपद पंचायत गुण्डरदेही पूर्णिमा साहू सोनाऊराम साहू ने की। मुख्य अतिथि सरपंच राजेंद्र कुमार सेन, उप सरपंच डोमेन्द कुमार सार्वा, पूर्व सरपंच ओम प्रकाश यादव, पूर्व उपसरपंच भोज राम साहू, मोती राम बनपेला, तुकाराम साहू, डॉ रोहित साहू, अध्यक्ष निजी चिकित्सक संघ गुण्डरदेही डॉ. डामन लाल साहू, सदस्य निजी चिकित्सक संघ गुरूर भोलाराम सिंह, सतमरा लखन लाल साहू के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. युगल किशोर सिन्हा और आभार सोनाऊ राम साहू, सरपंच ग्राम पंचायत सतमरा ने किया। इस अवसर पर आयोजन समिति के समस्त सदस्य सहित ग्रामीण बढ़ी संख्या में मौजूद थे।




---

### सरकारी स्कूलों में दो महीने के बाद भी पुस्तकें नहीं मिली तो पढ़ाएंगे क्या?

## निजी स्कूलों में तिमाही परीक्षा पूरी, सरकारी में गणित पर्यावरण, इंग्लिश व सोशल साइंस की पढ़ाई तक शुरू नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति इस शैक्षणिक सत्र से लागू है लेकिन सरकारी स्कूल अपने ढर्रे पर चल रहा है। निजी स्कूलों में तिमाही परीक्षा खत्म हो गई है। यानी शैक्षणिक सत्र की 35 प्रतिशत कोर्स की पढ़ाई निजी स्कूलों ने करवा ली है। वहीं इस बार सरकारी स्कूलों का शैक्षणिक कैलेंडर ध्वस्त हो चुका है।

शैक्षणिक कैलेंडर के हिसाब से पहली से लेकर बारहवीं तक तिमाही परीक्षा सितंबर महीने में हो जाना चाहिए लेकिन हाल यह है कि ज्यादातर स्कूलों में कई विषयों की पढ़ाई तक शिक्षक शुरू नहीं कर पाए हैं। इसकी वजह है कि अब तक स्कूलों में पूरी किताबें नहीं पहुंच पाई है। बिना किताब के शिक्षक पढ़ाई ही शुरू नहीं करवा पााए हैं। पुरानी किताबों से पढ़ाई हो नहीं सकती क्योंकि इस बार किताबें ही एनसीईआरटी की चलाई जा रही है। हरिभूमि की पड़ताल में यह सामने आई है।

छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा दुर्ग सहित प्रदेशभर के जिलों के संकुलों में किताबें पहुंचाई जा रही है। लेकिन दुर्ग जिला शिक्षा विभाग के पास कितने स्कूलों में किताबें पहुंची है और कितने में नहीं इसका रिकार्ड ही नहीं है। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने पुस्तक वितरण के नोडल अधिकारी गौरा शुक्ला को बनाया है लेकिन उनके पास भी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं होते। जबकि राज्य ने ऐसा पोर्टल बनाया है कि संकुलों में पुस्तकों का वितरण व स्कैनिंग का ब्योरा ऑनलाइन रोजाना अपडेट करने की सुविधा दी है।

#### निजी व सरकारी स्कूलों में अब तक के कोर्स की स्थिति

ट्विनसिटी सहित दुर्ग जिले में 560 सीबीएसई व सीजी संबद्ध निजी स्कूल संचालित हैं। इन स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 1 अप्रैल से 31 अप्रैल तक चला। उसके बाद 15 जून से अब तक चल रहा है। निजी स्कूलों में 35 प्रतिशत कोर्स पूरे करने के बाद तिमाही परीक्षा यानी प्री टर्म एक्जाम चल रहा है। सरकारी स्कूलों का शैक्षणिक सत्र 15 जून से प्रारंभ हुआ है। शैक्षणिक कैलेंडर के हिसाब से अगस्त में 35 प्रतिशत कोर्स पूरा हो जाना चाहिए था। जिससे तिमाही परीक्षा सितंबर में ली जा सके।

---

## जगन्नाथपुर में फिर बढ़ी शराब की अवैध बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸ लाटाबोड़

> ■ पुलिस गश्त बंद होते ही असामाजिक तत्वों का उत्पात बढ़ा

बालोद ब्लॉक के ग्राम पंचायत जगन्नाथपुर में एक बार फिर अवैध शराब बिक्री बढ़ने लगी है। यहां आसामाजिक तत्वों का उत्पात भी बढ़ते क्रम पर है। इसे लेकर गांव की महिला सरपंच देव कुमार कोसिमा ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि हम अपने स्तर पर काफी प्रयास कर चुके हैं कि गांव में अवैध शराब बिक्री ना हो, लेकिन लगातार गांव में इस तरह की घटनाएं सामने आ रही है, वहीं कुछ लोग लगातार अवैध शराब बिक्री में संलिप्त हैं। इसके चलते गांव का माहौल खराब हो रहा है। स्थिति यह है कि ग्राम विकास समिति से जुड़े हुए कुछ पदाधिकारी भी इस कृत्य में शामिल हैं, जिसके चलते अब नए सिरे से ग्राम विकास समिति गठन की मांग उठने लगी है। इसे लेकर जल्द ही हम एक बैठक आयोजित करेंगे। वहीं आसामाजिक तत्वों के बढ़ते उत्पात के चलते प्रतिबंधित इलाकों में भी लोग जाकर जुआ, सट्टा शराब और गांजे की नशे और बिक्री जैसे गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं।

गांव के सीमा पर एक झुंडा नामक स्थान है, जहां पर शराब सेवन पर प्रतिबंध है, लेकिन वहीं पर ही जुआरी और शराबी किस्म के लोग इकट्ठा होते हैं और जाम छलकाते हैं। ताश की गड्डियां उड़ाते हैं। सरपंच देव कुंवर ने बताया कि लगातार हम पुलिस प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि गांव में आसामाजिक तत्वों के उत्पात और अवैध शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाना चाहिए, लेकिन कुछ हफ्तों तक कार्रवाई और गश्त के बाद मामला ठंडा बस्ते में चला जाता है और कोई ध्यान दिया जाता। पुलिस पेट्रोलिंग भी अब लगभग बंद हो गई है। इसके चलते आसामाजिक तत्व की गतिविधियां बढ़ने लगी है।

झुंडा में शराब और ताश खेलने की जानकारी मिलने पर मौके पर जाकर देखे तो वहां ताश की गड्डियां पड़ी थी तो शराब की खाली शीशियां भी नजर आई। इससे साबित होता है कि यहां पर शराबियों और आसामाजिक तत्वों का बसेरा रहता है। उपसरपंच मनोज सुकतेल ने कहा कि पहले भी हमने पुलिस प्रशासन, एसपी और कलेक्टर को गांव की स्थिति के बारे में अवगत कराया ह, लेकिन अभी तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कुछ शराब कोचियों की गिरफ्तारी जरूर हुई थी, लेकिन अभी भी गांव में अवैध शराब बिक्री लगातार बढ़ रही है। जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है।

खबर संक्षेप



## सशक्त एप ने पहुंचाया बाइक चोरी के आरोपी तक, 19 वाहन जब्त

**भिलाई।** सशक्त एप ने पुलिस को पहुंचाया बाइक चोरी के आरोपियों तक मामले पुलिस ने एक अपचारी बालक और दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने कुल 19 वाहनों में 10 एक्टिवा, 9 बाइक जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 15 लाख रुपए आंकी गई है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि बाइक चोरी की शिकायत लगातार मिल रही थी। आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई। सशक्त एप लावारिस वाहन, चोरी की गई वाहनों को सर्च किया। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर एक अपतारी और दो युवकों को संदेह के आधार पर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर पुलिस को आरोपियों ने बताया कि ग्रीन चौक के पास से कई वाहनों को चोरी किया। 4 माह में शहर से 19 वाहनों को पार करना स्वीकार किया। वाहनों को अपने शौक के लिए परिचितों को बेचना बताया है। पुलिस ने खरीददार द्वारा यह जानते हुए कि चोरी की वाहन को खरीद लिया। 14 खरीददारों के खिलाफ भी पुलिस ने कार्रवाई किया है। कार्रवाई में कोतवाली टीआई तपेश्वर नेताम समेत सउनि. चंद्रशेखर सोनी, प्रधान आर. मनीष अग्निहोत्री समेत अन्य की भूमिका अह्म थी।

## सरकारी स्कूल में अज्ञात ने की चोरी

**भिलाई।** स्कूल में अज्ञात ने चोरी कर सारे सामान पर हाथ साफ कर दिया है। घटना कुम्हारी थाना क्षेत्र का है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि तिवारी कालोनी डुमर तालाब रायपुर निवासी प्रहलाद कुमार वर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम लिमतरा मे व्याख्याता के पद पर है। 23 अगस्त की दोपहर अवकाश होने के बाद विद्यालय के सफाई कर्मी सभी क्लास रूम, बाहर गेट मे ताला लगाकर बंद किया था। प्राचार्य कुंती जोगी को कॉल आया कि स्कुल से 60 हजार रुपए का सामान चोरी हो गया है। कमरे का आलमारी तोड़कर लैपटॉप, चार्जर सहित लैपटॉप बैग गायब मिला।

## कलेक्टर ने जारी किया आदेश नहीं मानने पर होगी कार्रवाई

**भिलाई।** देश के बड़े शहरों की तर्ज पर सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों को कम करने के लिए दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल के पत्र पर संज्ञान लेते हुए दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सभी पेट्रोल पंप संचालकों के लिए आदेश जारी किया है। आदेश के तहत अब किसी भी पेट्रोल पंप में बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा।

### निधन

## गिरधारी राम साहू



**गुरूर।** बुधवार को ग्राम ठेकवाडीह निवासी गिरधारी राम साहू 57 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्ति धाम में किया गया। जानकी साहू के पति एवं खूबलाल साहू, सीमा साहू, भूपेन्द्र साहू के पिता थे।

## पर्व : शहर के विभिन्न पंडालों में रंग-बिरंगी सजावट और आकर्षक झांकियां

# श्री गणेश जी की प्रतिमाएं पंडालों में आकर्षक सजावट के साथ स्थापित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को हर्षोल्लास, भक्ति और धूमधाम के साथ गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया गया। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों, कॉलोनियों और मोहल्लों में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से गणपति बप्पा की प्रतिमाओं की स्थापना की। डीजे की भक्ति धुनों और मंगलगान के बीच "गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया" के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। दल्लीराजहरा की स्थानीय मंडलियों और समितियों ने आकर्षक झांकियां और भव्य सजावट कर गणेश पंडालों को अलौकिक रूप प्रदान किया है। जैन भवन चौक गणेश उत्सव समिति, बस स्टैंड गणेश मंडल, विभिन्न वार्डों रंगमंच समिति, पुराना बाजार पारा युवा मंडल, स्टेशन रोड गणेश उत्सव समिति सहित अनेक समितियों ने शानदार पंडाल सजाए हैं। रंग-बिरंगी रोशनियों से सजे पंडाल श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। जगह-जगह गणेश आरती और भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजन शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

### गणेश स्थापना का महत्व

हिंदू परंपरा के अनुसार गणेश जी को विघ्नहर्ता और सिद्धि विनायक कहा जाता है। मान्यता है कि गणपति बप्पा की स्थापना से घर, समाज और नगर में सुख-समृद्धि, ज्ञान और सकारात्मक ऊर्जा का वास होता है। गणेश चतुर्थी का पर्व महाराष्ट्रीय परंपरा से शुरू होकर आज पूरे देश में भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाता है। दस दिनों तक गणपति उत्सव चलता है और अनंत चतुर्दशी को भक्तजन श्रद्धापूर्वक गणेश जी की प्रतिमाओं का विसर्जन करते हैं।

### भक्ति और उत्साह का संगम

इस बार दल्लीराजहरा की मंडलियों ने पर्यावरण अनुकूल प्रतिमाओं की स्थापना कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया है। स्टेशन रोड गणेश मंडल ने इस वर्ष जल संरक्षण पर आधारित विशेष झांकी तैयार की है, वहीं बाजार पारा युवा मंडल ने भारत की सांस्कृतिक विविधता को झांकी के माध्यम से प्रस्तुत किया है। पंडालों में सुरक्षा व व्यवस्था के लिए स्वयंसेवक और प्रशासनिक टीम भी सक्रिय नजर आ रही है। नगर के लोगों में यह आस्था है कि गणेश जी की स्थापना से हर घर और हर मन से विघ्न दूर होकर नई ऊर्जा और मंगल का संचार होता है।



## गणेश चतुर्थी पर गुरुर महाविद्यालय में भगवान गणेश की स्थापना

**गुरूर।** मां बहादुर कलारीन कला एवं विज्ञान महाविद्यालय गुरुर जिला बालोद द्वारा आज महाविद्यालय में भगवान श्री गणेश का स्थापना किया गया। जिसमें महाविद्यालय संचालन समिति चंद्रमणि साहू, ताराचंद देवांगन, मुरली कुमार सिन्हा, दामिनी साहू, उपासना जंजीर, परमेश्वरी सेन, अश्वनी कुमार साहू, रामस्वरूप सिन्हा, नरेंद्र खोबरागड़े, हुमन जंजीर, राकेश पारकर, सभी प्राध्यापक गण सभी महाविद्यालय के सभी छात्र–छात्रओं के उपस्थिति में भगवान श्री गणेश जी का स्थापना किया गया। उक्त कार्यक्रम की जानकारी महाविद्यालय प्राचार्य के द्वारा दिया गया।

## जिला भाजपा कार्यालय में गणेशजी की प्रतिमा स्थापित

**बालोद।** भाजपा जिला कार्यालय बालोद जुगेरा में गणेशजी की स्थापना की गई। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, दुर्जन साहू, संतोष चंद्राकर, बाल सिंह साहू, डॉ. बिरेन्द्र साहू, टिकेंद्र यादव, रेवाराम सिन्हा, हरीश गौतम महाराज और दानेश्वर द्विवेदी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी ने श्री गणेश की पूजा–अर्चना की और पार्टी के लिए समृद्धि और सफलता की कामना की। भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा गणेशजी की स्थापना एक शुभ शुरुआत का प्रतीक है। हमें उम्मीद है कि यह कार्यालय भाजपा के लिए और भी सफलता और समृद्धि लाएगा।



## भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने स्वास्थ्य मंत्री जयसवाल से मुलाकात की



**गुरूर।** भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला बालोद के समस्त पदाधिकारी एवं भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ. हरिकृष्ण गंजीर ने छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल से मुलाकात कर चिकित्सकों की समस्याओं को लेकर अवगत कराते हुए पूरी जानकारी दिया। इस अवसर पर भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ रोहित कुमार साहू, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के सह संयोजक डॉ. डामन लाल साहू, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के सदस्य डॉ. देवा सावा, डॉ. भुपत साहू उपस्थित थे।

## गजेंद्र यादव के मंत्री बनने पर यादव समाज में हर्ष



**अंडा।** दुर्ग विधानसभा के विधायक गजेंद्र यादव को कैबिनेट मंत्री बनाने पर यादव समाज में हर्ष का माहौल है। कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव को शिक्षा, उच्च शिक्षा, पशुपालन और मछली पालन मंत्री बनाया गया है। इस पर दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र चिंगरी, अछोटी, भरदा, कोनारी क्षेत्र के जनपद सदस्य श्रीमती बेला यादव ने मुलाकात किया गया, और जनपद सदस्य ने बताया कि छत्तीसगढ़ में यादव समाज की संख्या दूसरे स्थान पर होते हुए भी समाज को किसी भी क्षेत्र में प्रतिनिधित्व करने का अवसर नहीं मिल पा रहा था। दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव को प्रदेश के कैबिनेट मंत्री बनाने पर समाज के लोगों में खुशी का माहौल है।

## फरदफोड़ में रामधुनी झांकी कार्यक्रम हुआ



**डौंडीलोहारा।** ब्लाक अंतर्गत ग्राम फरदफोड़ में श्रीकृष्ण सखा फाग जस मानस परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में दो दिवसीय रामधुनी झांकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में धार्मिक उत्साह और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को कथा व झांकी के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। भक्ति भाव से ओतप्रोत इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रचनाकार डॉ. कृष्ण यादव, अध्यक्ष मदन यादव, गायक राजु साहू, संचालक खेमराज देवांगन तथा समिति के कलाकारों ने अपनी कला से सभी दर्शकों के हृदय को मोह लिया। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु व ग्रामीणजन एकत्रित हुए। पूरे वातावरण में भक्ति, भजन और तालियों की गूंज ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। सरपंच निलिमा ठाकुर, गांव प्रमुख थानसिंह, दीनानाथ सिरसांट सहित समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और झांकी का आनंद उठाया।

## सड़क सुरक्षा पर वाद-विवाद प्रतियोगिता टटेंगा स्कूल में हुई




**डौंडीलोहारा।** विगत दिनों शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडीलोहारा में सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा विषय पर विकास खंड स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें टटेंगा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। इसमें पक्ष में कक्षा 12वीं से अभिषेक, साक्षी व प्रियंका तथा विपक्ष में 12वीं से मोहित, 11वीं से उपासना व कुसुम सिन्हा ने विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने बताया कि इस दल के प्रशिक्षक व्याख्याता पवन सिन्हा और प्रबंधक बिंदु साहू थे। इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य आर के देवांगन, चंद्रमणि वासनिक, टी एल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, हेपशिबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, महेश रावटे ने शुभकामनाएं दी।

## पीएमश्री स्कूल विनायकपुर में मना कृष्ण जन्माष्टमी पर्व



**अंडा।** पीएमश्री प्राथमिक शाला विनायकपुर में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। छोटे छोटे बच्चों ने कृष्ण-राधा की ड्रेस में सुन्दर नृत्य किया। सभी बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। बच्चों ने मटका सजाओं प्रतियोगिता में भाग लिया। रंग बिरंगे मटका सजाया गया। मटकी फोड़ का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने भाग लिया। मटकी फोड़ स्पर्धा हेमराज बारले ने जीती।

इसके पश्चात दही लूट का कार्यक्रम हुआ, जिसमें बच्चों ने मटका फोड़ा। इस अवसर पर पीएम स्कूल के प्रधान पाठक टीकेन्द्र कुमार चन्द्राकर, विजेता सूर्यवंशी, चमेली ठाकुर, अंजू साहू, मनोरमा हालदार, दीपमाला चन्द्राकर एवं सरपंच योगेन्द्र दिल्लीवार भामिनी राज अध्यक्ष, स्मृति सोनी अध्यक्ष, मोती लाल मार्कण्डेय अध्यक्ष, स्मृति सोनी, लक्ष्मी साहू, ललित बाई साहू, यशवंत साहू और ग्रामीण उपस्थित थे।



## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत रसमड़ा में विविध कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रसमड़ा सेक्टर रसमड़ा के परियोजना दुर्ग ग्रामीण में जिला कार्यक्रम अधिकारी आर.के जांबुलकर एवं जिला महिला बाल विकास अधिकारी अजय साहू के मार्गदर्शन में अंतर्गत छत्तीसगढ राज्य रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन सर्वप्रथम रैली निकाल कर किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू, जनपद सदस्य नंदकुमार साहू, भाजपा मंडल से हेमंत सिन्हा उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन से किया गया। कार्यक्रमों की जानकारी एवं उद्देश्यों के बारे में बताया, पर्यवेक्षक शशि रैदास ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।जिला परियोजना समन्वयक जयप्रकाश पटेल द्वारा साइबर क्राइम, चाइल्ड हेल्पलाइन, बालिका सुरक्षा, पॉक्सो एक्ट, महिला हेल्पलाइन नंबर बाल श्रम पर एवं महिलाओं के कानूनी अधिकार के विषय मे विस्तार से बताया गया।

- विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया
- जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों और कार्यकर्ताओं की रही उपस्थिति

जिला पंचायत सदस्य एवं एडवोकेट प्रिया साहू द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के विषय मे उपस्थित बालिकाओं को जानकारी देते हुए बताया कि 18 से कम उम्र की लड़की एवं 21 से कम उम्र के लड़के का विवाह कानूनन अपराध है। महतारी मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 97 बालिकाओं और 12 महिलाओं का एच बी जांच किया गया कार्यक्रम में किशोरी बालिकाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया निबंध, में गरिमा चतुर्वेदी द्वितीय नीलम शर्मा तृतीय पूजा साहू रंगोली, में प्रथम दुर्गा साहू द्वितीय जीत साहू तृतीय मुस्कान साहू पेटिंग प्रतियोगिता में ओंकार सारथी कनिका क्रमशः पहला दूसरा तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिसमे विजेताओं को पुरस्कृत किया गया तथा किशोरी बालिकाओं को सैनिटरी पैड भी वितरित किया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी दुर्ग श्रीमती ऊषा झा द्वारा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने हेतु शपथ दिलाई गई, स्वास्थ्य विभाग से नंदकुमार साहू, अनुपमा सिंह, उमा साहू, विद्यालय के प्राचार्य एम एल चंदेल एवं अन्य शिक्षक गण, कार्यकर्ता जानकी निषाद गिरजा ठाकुर, लता यादव सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सड़क पर मुरूम डालकर ठेकेदार ने छोड़ा राहगीर दलदल में फंस कर घायल हो रहे



**गुरूर।** विकासखण्ड के ग्राम धोबनपुरी से सोरर पहुंच मार्ग बदहाल हो चुका है। लंबे समय बाद प्रशासन ने जनदर्शन एवं शिविर में शिकायत पर सुध ली है। यह सड़क नहर किनारे होते हुए सोरर पहुंच मार्ग है, जिसमें नहर किनारे सड़क में किसान, स्कूल के बच्चे, सोंहपुर, अर्जुनी, सोरर के ग्रामीण ब्लॉक मुख्यालय गुरुर आते एवं जाते है। राशि स्वीकृत होने के बाद ठेकेदार मुरुम डालकर छोड़ दिया है, जिसके कारण मार्ग चलने लायक नहीं है।

धोबनपुरी निवासी गोवर्धन सोनबोईर, हिरदे राम सार्वा, कोमल सोनबोईर, बलराम साहू, वीरेन्द्र धनकर ने बताया कि बारिश के कारण मोटर साइकिल सवार लगातार फीसल कर गिर रहे है। ठेकेदार द्वारा केवल मुरम डालकर छोड़ देने से आवाजाही में परेशानी हो रही है। पढ़ने वाले बच्चे जो सोरर हाईस्कूल जाते हैं। कई स्लीप होने पर गिर रहे हैं और बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे है। ईश्वर साहू, पूर्व सरपंच चुम्मन मंडावी, पंकज सार्वा ने बताया कि खेत में खाद छिड़काव करने स्कूटी से जा रहा था, लेकिन बारिश के कारण स्कूटी स्लीप हो गई, जिसके कारण बाल बाल बचे। ठेकेदार एवं इंजीनियर की लापरवाही के चलते कार्य प्रारंभ कर बारिश में बंद कर देने से 8 किमी ज्यादा घूमकर सोरर पहुंचना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि लगातार जनप्रतिनिधियों को सूचना देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ग्रामीण धोबनपुरी से सोरर पहुंच मार्ग को जल्द बनाने की मांग कर रहे हैं।

## मुंशी हत्याकांड : अपचारी बालक समेत तीन गिरफ्तार

**भिलाई।** टंगिया मारकर मुंशी की हत्या करने वाले अपचारी बालक समेत तीन को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि किशन लाल साहू ईंट भट्ठा चंगोरी का गिरकर सिर में चोट लगने से उपचार दौरान मौत होने की जानकारी मिली। पुलिस जांच में जुट गई। 24 अगस्त की रात घटना स्थल शिवलाल चकधारी का ईंट भट्ठा लेबर क्वार्टर आफिस के पीछे ग्राम चंगोरी जिला दुर्ग में अज्ञात की लाश मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक किशन लाल साहू को हाथ मुक्का, धारदार हथियार से सिर, शरीर में कई जगह हमला कर चोट पहुंचाई गई। उपचार के दौरान शासकीय अस्पताल दुर्ग में दम तोड़ दिया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े
कानों की रिशेपिंग
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
गुर्दे की पथरी का दर्द
सबसे भयानक दर्दों में से एक है।
जिसे कोई भी व्यक्ति अनुभव कर सकता है।
इसके लक्षण कारण और उपाय जानने के लिए संपर्क करें
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल)
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
4 सितंबर, 15 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025, 02 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411